# रिपोर्ट

## [1 Pl 3/48 UP NCC COY]

## एन.सी.सी. उप-इकाई द्वारा किया रक्तदान शिविर का आयोजन

"स्वयं के हित के लिए तो इस संसार का प्रत्येक प्राणी कार्य करता है, लेकिन दूसरों की मदद करने के का जो सौभाग्य मनुष्य को मिला है, वह अद्वितीय है। दूसरे की जीवन रक्षा के लिए रक्तदान उन्हीं पुनीत कार्यों में से एक है।" उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा की प्राचार्य डॉ वंदना सारस्वत ने महाविद्यालय परिसर में आयोजित **27.11.2019** रक्तदान शिविर में प्रतिभाग करने वाले एनसीसी कैडेटों को संबोधित करते हुए कहीं।

महाविद्यालय एनसीसी इकाई के कंपनी कमांडर मेजर डॉ के एन पाण्डेय ने इस अवसर पर रक्तदान हेतु अन्य कॉलेज से आए एनसीसी कैडेट्स का महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया से परिचय कराया और सभी को एक बेहतरीन सामाजिक और मानवतावादी कार्य के लिए शुभकामनाएं दी।

महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ जितेंद्र सिंह ने 48 यू पी बटालियन एनसीसी गोंडा के विभिन्न पदाधिकारियों को इस कार्य हेतु संसाधन उपलब्ध कराने हेतु धन्यवाद दिया और जिला चिकित्सालय की टीम को सम्मानित किया।

बाबू ईश्वर शरण जिला चिकित्सालय गोंडा के ब्लड बैंक की टीम के अन्तर्गत डा० रजनीकांत राय, श्री विकास सिंह, प्रवीण चन्द्र पाण्डेय, एस एल टी मधुसूदन मिश्र, अमरीश सिंह, श्री सुधांशु तिवारी, एल टी राजीव उपाध्याय, स्टाफ नर्स अनुपमा ने रक्तदान कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस शिविर के दौरान एनसीसी कैडेट धर्मेंद्र कुमार वर्मा, इंद्रेश कुमार मिश्र, साधना भारती, रितु विश्वकर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, राकेश यादव, मो आरिफ, अमन सिंह, उत्कर्ष श्रीवास्तव, अमन वर्मा, सूर्य प्रकाश, प्रमोद सिंह, दीपांशु सिंह, मनोज कुमार, सचिन पाण्डेय, महिपाल सिंह, शिवा, विमल सिंह, अमित पाण्डेय, विकास सिंह, आदर्श कुमार सिंह, पंकज कुमार, अर्पण पाण्डेय और अरविंद सिंह सहित 40 कैडेटों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर 48 यू पी बटालियन एनसीसी गोंडा की टीम से सूबेदार मेजर सुरेंद्र पाल सिंह, सूबेदार नर बहादुर थापा, हवलदार ईश्वर दत्त पाण्डेय उपस्थित रहे। डॉ शैलेंद्र नाथ मिश्र, विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग ने सभी कैडेटों को शुभाशीष देते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

जय हिन्द।

**---मेजर (डॉ) के एन पाण्डेय**
**कम्पनी कमाण्डर**

रक्तदान शिविर
राष्ट्रीय कैडेट कोर
48 यू पी बटालियन एन सी सी गोण्डा
आयोजक : लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, एन.सी.सी इकाई
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

रक्तदान शिविर
राष्ट्रीय कैडेट कोर
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

रक्तदान शिविर
राष्ट्रीय कैडेट कोर
NATIONAL CADET CORPS
NCC
एकता और अनुशासन
L.B.S.P.G COLLEGE
GONDA
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

R. Lyrawal

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA
IQAC

ATTESTED

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda